राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद
(सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

# हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा रिपोर्ट (14 से 29 सितम्बर 2023)

## हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ (14.09.2023)

कार्यालीय कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बनाए रखने तथा भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के अ. शा. पत्र स. 11034/06/2023–राजभाषा (नीति) दिनांक 01 जून, 2023 में उल्लिखित दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद एवं उसके सभी संस्थानों द्वारा 14–29 सितम्बर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद मुख्यालय द्वारा पखवाड़े के सफल आयोजन के लिये हिंदी पखवाड़ा समिति का गठन कर आगे की कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री और अध्यक्ष, रा.स.प्र.परिषद श्री अमित शाह का संदेश सभी संस्थानों में भी भेजा गया। इस संदेश में उन्होनें कहा कि राजभाषा हिन्दी ने स्वतन्त्रता आंदोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकता के सूत्र में बांधने का अभूतपूर्व कार्य किया। अनेक भाषाओं और बोलियों में बटें देश में एक भावना से पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतन्त्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा हिन्दी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही श्री मोहन कुमार मिश्रा, सचिव, रा.स.प्र.परिषद की अपील मुख्यालय एवं सभी संस्थानों को उपलब्ध कराई गई।

परिषद मुख्यालय में हिंदी पखवाडे का शुभारंभ 14 सितम्बर, 2023 को बालेवाड़ी (पुणे) में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी के विडियो संदेश के साथ शुरू किया गया। इस सम्मेलन में श्री जे. ई. पत्की, उपनिदेशक और श्री एस. सी. त्रिवेदी, सहायक हिंदी, सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे द्वारा राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद और सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे का प्रतिनिधित्व किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रथम दिन श्री हरिवंश, उप–सभापति, राज्यसभा, मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, साथ ही श्री अजय कुमार मिश्रा, गृह राज्य मंत्री, श्री भर्तृहरि महताब–उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति, श्री राकेश सिन्हा–संसद सदस्य, राज्यसभा एवं प्रो. गिरीश नाथ झा, अध्यक्ष वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग उपस्थित थे। सम्मेलन में राजभाषा / 2047: विकसित भारत का भाषायी परिदृश्य, हिंदी के विकास में मीडिया की भूमिका, रोजगार से बढ़ते अवसरःहिंदी के परिप्रेक्ष्य पर विचार प्रकट किए गए। सम्मेलन के दूसरे दिन माननीय श्री आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल, केरल ने राजभाषा कार्यान्वयन का प्रभावशाली मंच पर अपने विचार प्रकट किए, प्रो. सुरेश ऋतुपूर्ण–वरिष्ठ साहित्यकार एवं दामोदर खरसे–मराठी भाषाविद द्वारा भारतीय भाषाओं से सशक्त होते हिंदी पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री चन्द्रप्रकाश द्विवेदी–फिल्म निर्माता एवं निदेशक, समीर अंजान–फिल्म निर्माता एवं निदेशक, डॉ. प्रियंका ठाकुर ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

**बालेवाड़ी में 14.09.2023 को आयोजित हिन्दी दिवस के उदद्घाटन समारोह की एक झलक**






# संस्थानों में
# हिन्दी दिवस / हिन्दी पखवाड़े
# का आयोजन
# (14-29 सितंबर, 2023)




राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे



क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, कल्याणी



क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चंडीगढ़




क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, गांधीनगर




सहकारी प्रबंध संस्थान, भोपाल




सहकारी प्रबंध संस्थान, भुवनेश्वर




सहकारी प्रबंध संस्थान, इम्फाल



सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर




सहकारी प्रबंध संस्थान, लखनऊ




सहकारी प्रबंध संस्थान, कन्नूर




सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे




सहकारी प्रबंध संस्थान, गुवाहाटी



सहकारी प्रबंध संस्थान, चेन्नई



सहकारी प्रबंध संस्थान, तिरुवन्तपुरम



सहकारी प्रबंध संस्थान, देहरादून

## परिषद मुख्यालय में हिंदी निबंध प्रतियोगिता (19.09.2023)

पखवाड़े के दौरान  दिनांक 19.09.2023 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया  तथा निबंध के विषय थे "जी–20 सम्मेलन–भारत के लिए जी 20 का महत्व" और "सोशल मीडिया का हमारे जीवन पर प्रभाव"। यह प्रश्नपत्र 100 अंक का था। इस प्रतियोगिता में श्री जसवंत चौहान, प्रवर श्रेणी लिपिक, सुश्री ममता रानी, एमटीएस, श्री सुधीर कुमार सिंह, एमटीएस, श्री कपिल सिंह, एमटीएस, सुश्री पूजा चंद्रा, श्री जतिन सागवान, तथा श्री अजय गौतम, एमटीएस द्वारा भाग लिया गया तथा निबंध का मूल्यांकन श्री डी. एन. साहू, सलाहकार (एस.पी.ए.सी.) द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री जसवंत चौहान को, द्वितीय पुरस्कार सुश्री ममता रानी को, तृतीय पुरस्कार श्री सुधीर कुमार सिंह को तथा सांत्वना पुरस्कार श्री कपिल सिंह को पखवाड़े के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदान किए गए।

**दिनांक 19.09.2023 को आयोजित हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता**




**निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण**




## हिंदी टंकण प्रतियोगिता (20.09.2023)

पखवाड़े के दौरान दिनांक 20.09.2023 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को हिन्दी यूनिकोड फॉन्ट के माध्यम से टंकण करने को एक पैराग्राफ दिया गया, जो 100 अंक का था। इस प्रतियोगिता में श्री जसवंत चौहान, सुश्री ममता रानी, श्री अजय गौतम, सुश्री पूजा चंद्रा, श्री सुधीर कुमार सिंह, श्री ब्रज मोहन एवं श्री अमन द्वारा भाग लिया गया तथा इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन श्री डी. एन. साहू, सलाहकार (एस.पी.ए.सी.) द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री जसवंत चौहान को, द्वितीय पुरस्कार, सुश्री ममता रानी को, तृतीय पुरस्कार श्री अजय गौतम को, तथा सांत्वना पुरस्कार सुश्री पूजा चंद्रा को प्रदान किया गया।

**दिनांक 20.09.2023 को आयोजित टंकण प्रतियोगिता**





## हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता (21.09.2023)

पखवाड़े के दौरान दिनांक 21.09.2023 को हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यह प्रश्नपत्र 50 अंक का था। इस प्रतियोगिता में सुश्री ममता रानी, श्री कपिल सिंह, श्री जसवंत चौहान, श्री सुधीर कुमार सिंह, सुश्री पूजा चंद्रा, श्री ब्रज मोहन तथा श्री अजय गौतम द्वारा भाग लिया गया तथा इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन श्री डी. एन. साहू, सलाहकार (एस.पी.ए.सी.) द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुश्री ममता रानी को, द्वितीय पुरस्कार श्री कपिल सिंह को, तृतीय पुरस्कार श्री जसवंत चौहान को तथा सांत्वना पुरस्कार श्री सुधीर कुमार सिंह को प्रदान किया गया।

**दिनांक 21.09.2023 को आयोजित टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता**



**टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण**



## हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता (25.09.2023)

पखवाड़े के दौरान दिनांक 25.09.2023 को हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिये गए पैराग्राफों को अंग्रेजी से हिंदी एवं हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना था यह प्रश्नपत्र 50 अंक का था। इस प्रतियोगिता में श्री सुधीर कुमार सिंह, श्री जसवंत चौहान, श्री ब्रज मोहन, सुश्री पूजा चंद्रा, श्री जतिन सागवान तथा श्री अमन द्वारा भाग लिया गया तथा इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन श्री डी. एन. साहू, सलाहकार (एस.पी.ए.सी.) द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री सुधीर कुमार सिंह को, द्वितीय पुरस्कार श्री जसवंत चौहान को, तृतीय पुरस्कार सुश्री पूजा चंद्रा को तथा सांत्वना पुरस्कार श्री ब्रज मोहन को प्रदान किया गया।

**दिनांक 25.09.2023 को आयोजित हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता**



**अनुवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण**



## हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह (29.09.2023)

एनसीसीटी के कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा 14–29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समापन दिवस पर डॉ. हेमा यादव, निदेशक, वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुई।

श्री मोहन कुमार मिश्रा, सचिव, एन.सी.सी.टी. ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में एनसीसीटी के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

अपने स्वागत भाषण में, सचिव, एन.सी.सी.टी. ने डॉ. हेमा यादव का मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण स्वीकार करने तथा अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में जनता की भाषा होने के नाते राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महान भूमिका पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि दुनिया जैसे–जैसे ग्लोबल होती जा रही है, वैसे–वैसे हिंदी की मांग भी बढ़ती जा रही है, विश्व के अनेक देशों में हिंदी बोली एवं पढ़ाई जा रही है, हिंदी भाषा का शब्द भंडार काफी विशाल है। अंग्रेजी की पढ़ाई करने वाले, अंग्रेजी के पैरोकारों को यह जानना जरूरी है कि हिंदी में मूल शब्दों कि संख्या दो लाख पचास हजार बताई जाती है जबकि अंग्रेजी में इसकी संख्या मात्र दस हजार है। इसके अलावा हिंदी भाषा में अपने विशेष गुण से विश्व की अनेक भाषाओं और बोलियों को आत्मसात करने की क्षमता है विशेष रूप से हिंदी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा मानी गयी है। पहला स्थान चीनी भाषा का, दूसरा हिंदी भाषा का और तीसरा स्थान अंग्रेजी भाषा का है। भारत से बाहर करीब 170 विश्वविदायलयों में हिंदी का अध्ययन और अध्यापन का कार्य विगत अनेक वर्षों से नियमित रूप से जारी है। विश्व के हर देश में रहनेवाला भारतवासी हिंदी भाषा के माध्यम से अपने राष्ट्र से, अपनी मिट्टी से जुड़ा है। आज विश्व के अनेक देश हिंदी भाषा को सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं, अब हिंदी देश भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में संपर्क भाषा के रूप में अग्रसर हो रही है।

माननीय मुख्य अतिथि, डॉ. हेमा यादव जी के कर कमलों द्वारा परिषद में हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता, टंकण प्रतियोगिता, टिप्पण–आलेखन प्रतियोगिता एवं हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए।

समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभव एवं अपने सुझाव सबके सामने रखे और तत्पश्चात समारोह के समापन की घोषणा की गयी।

### हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह






**(श्री मोहन कुमार मिश्रा, सचिव, एनसीसीटी द्वारा डॉ. हेमा यादव, निदेशक, वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे का स्वागत)**

## हिंदी पखवाड़ा के दौरान संस्थानों में हुए कार्यक्रमों का विवरण

| क्रम.स. | संस्थान का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | वैमनीकॉम, पुणे | 1. हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण आलेखन, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी कम्प्युटर टंकण प्रतियोगिता, हास्य–व्यंग कवि सम्मेलन, हिंदी पाठ वाचन, हिंदी श्रुतलेख एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन। |
| 2 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, बेंगलूरु | 1. 14.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी श्रुतलेख, हिंदी कविता, हिंदी वाचन प्रतियोगिता, हिंदी टंकण, हिंदी कार्यालय नोट प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 04.10.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |
| 3 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चंडीगढ़ | 1. हिंदी टिप्पण आलेखन, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी शब्द ज्ञान प्रतियोगिता, हिंदी कविता पाठ/सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।<br>2. दिनांक 29.09.2023 को राजयोगिनी बी. के. पूनम दीदी, ब्रह्माकुमारी संस्था, चंडीगढ़ द्वारा पखवाड़े का समापन किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, गांधीनगर | 1. 14.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. वाद–विवाद प्रतियोगिता, काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता, टिपपन लेखन एवं टंकण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह। |
| 5 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, कल्याणी | 1. 14.09.2023 को हिन्दी पखवाड़े की शुरुआत।<br>2. हिंदी वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।<br>3. श्री चंपक भगत, एनडीआरआई, कल्याणी के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रमुख हिन्दी पखवाड़े के समापन के दौरान मुख्य अतिथि। |
| 6 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना | 1. 14.09.2023 को संस्थान के निदेशक द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. कार्यालयी कामकाज में राजभाषा हिन्दी पर गोष्ठी, कहानी/कविता पाठ प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण, श्रुतलेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 03.10.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |
| 8 | सहकारी प्रबंध संस्थान, भुवनेश्वर | 1. 14.09.2023 को संस्थान के निदेशक द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी निबंध लेखन, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन।<br>3. 28.09.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |
| 9 | सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर | 1. 14.09.2023 को उदघाटन समारोह एवं हिंदी नीति के नियमों की जानकारी।<br>2. हिंदी शब्दों का सही प्रयोग, वाद–विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ/हिंदी पर समूह चर्चा, श्रुतलेख, वर्तनी शोधन/आलेख एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह। |
| 10 | सहकारी प्रबंध संस्थान, लखनऊ | 1. 14.09.2023 को हिंदी पखवाड़े की शुरुआत।<br>2. हिंदी श्रुतलेख, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी शब्द ज्ञान, हिंदी टंकण, टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता, अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप लिखना प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह। |
| 11 | सहकारी प्रबंध संस्थान, गुवाहाटी | 1. हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी भाषा के महत्व पर चर्चा, उत्तरपूर्व क्षेत्र में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने पर चर्चा, हिंदी भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता पर चर्चा, हिंदी पर समूह चर्चा, प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. समापन समारोह। |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | सहकारी प्रबंध संस्थान, इम्फाल | 1. हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी कविता, हिंदी निबंध, हिंदी टंकण, हिंदी टिप्पण–आलेखन एवं हिंदी परिसंवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को डॉ. एन. रंजना देवी, पूर्व निदेशक, सहकारी प्रबंध संस्थान,इम्फाल मुख्य अतिथि एवं डॉ. के. एच. सोमोरेन्द्रो सिंह, पूर्व निदेशक, सहकारी प्रबंध संस्थान, गुवाहाटी, सम्मान अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह। |
| 13 | सहकारी प्रबंध संस्थान, कन्नूर | 1. 14.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी निबंध लेखन, हिंदी प्रतिलिपि लेखन हिंदी अनुवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह। |
| 14 | सहकारी प्रबंध संस्थान, नागपुर | 1. 14.09.2023 को निदेशक प्रभारी द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी निबंध प्रतियोगिता, कविता पाठ, गीत, गजल, हिंदी में टिप्पण आलेखन, वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को निदेशक प्रभारी द्वारा हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण। |
| 15 | सहकारी प्रबंध संस्थान, तिरुवनंतपुरम | 1. 14.09.2023 को निदेशक द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, पत्र लेखन प्रतियोगिता, टिप्पण प्रतियोगिता एवं अनुवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |
| 16 | सहकारी प्रबंध संस्थान, भोपाल | 1. 14.09.2023 को हिन्दी पखवाड़े का शुभारांभ।<br>2. शुद्ध लेखन प्रतियोगिता एवं हिन्दी में सुरुचिपूर्ण अभिनय गीत प्रतियोगिता, शुद्ध लेखन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण। |
| 17 | क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, देहरादून | 1. 14.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ श्री एम. पी. त्रिपाठी, संयुक्त निबंधक, सहकारी समितियां, उत्तराखंड द्वारा किया गया।<br>2. अंग्रेजी शब्दों का हिंदी रूपान्तरण प्रतियोगिता, नोटिंग व ड्राफ्टिंग, शुद्ध हिंदी लेखन, हिंदी कार्यशाला, वाद–विवाद प्रतियोगिता, तिमाही हिंदी बैठक का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह। |
| 18 | सहकारी प्रबंध संस्थान, हैदराबाद | 1. 14.09.2023 को डॉ. एस. श्याम कुमार, वरिष्ठ संकाय, आईसीएम, हैदराबाद द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 2. हिंदी गीत कार्यक्रम, निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण कार्यक्रम, कविता पाठ, JAM (जस्ट ए मिनट) में हिंदी में एक मिनट बात करना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह। |
| 19 | सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे | 1. 14.09.2023 को निदेशक, सहकारी प्रबंध संस्था, पुणे द्वारा शुभारंभ।<br>2. हिंदी टंकण, हिंदी अनुवाद, हिंदी कार्यशाला, निबंध लेखन, टिप्पण लेखन हिंदी कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |
| 20 | सहकारी प्रबंध संस्थान, मदुरै | 1. 14.09.2023 को निदेशक द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ। इस अवसर पर श्री के. कलिथास, हिंदी प्रशिक्षक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।<br>2. प्रतिलिपि लेखन, हिंदी निबंध लेखन, भाषण, श्रुतलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को निदेशक एवं श्री श्री के. कलिथास, हिंदी प्रशिक्षक द्वारा समापन एवं पुरस्कार वितरण। |
| 21 | सहकारी प्रबंध संस्थान, चेन्नई | 1. 14.09.2023 को निदेशक द्वारा हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।<br>2. नोटिंग–ड्राफ्टिंग, स्पीच कॉम्पटिशन, हिंदी निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन।<br>3. 29.09.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण। |


राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद

NATIONAL COUNCIL FOR COOPERATIVE TRAINING

3, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, तीसरा तल, एनसीयूआई बिल्डिंग, नई दिल्ली–110016

दूरभाष : 011–41096510, 46035930, 45720124 ई–मेल : secy-ncct@gov.in

वेबसाइट : www.ncct.ac.in फेसबुक : www.facebook.com/ncct_institute

टिव्टर: twitter.com/ncct_institute इंस्टाग्राम: instagram.com/ncct_institute